# Tum Aaye Sansar Me | By Anil Sharma , Meena rana |

तुम आए संसार में
जग हँसे तुम रोए
ऐसी करनी कर चलो
तुम हँसो जग रोए

चाहे जितने जतन करे ओ भैया
चाहे जितने जतन करे
लेकिन तुमने सोचा
झूठ कपट से बात बने ना
मिटे ना उसको लेखा
कभी ना तुमने भजन किया
तभी तो तेरा पतन हुआ
तूने यूँ ही जनम गँवाया
अब सिर धुन क्यों रोए
ऐसी करनी कर चलो
तुम हँसो जग रोए

हाथ विनय का इस दुनिया मेरे भैया
हाथ विनय का इस दुनिया में
कोई मोड़ ना पाया
ऊँचा बोलने वाले ने
अपना सिर भी कटवाया
चाहे जितना लगा ले बल
विनती है निर्बल सजन
प्रेम से बिगड़े काम बना ले
गैर भी तेरा होए
ऐसी करनी कर चलो
तुम हँसो जग रोए

करम किए जा अपना जगत में रे भैया
करम किए जा अपना जगत में
छोड़ के फल की आशा
जिसकी जैसी करनी होती
वो वैसा फल पाता
आज ही कर ले, कल पे ना टाल
पल-पल जाता समय निकल
एक बार जो हाथ से जाए
वापस फिरे ना कोई
ऐसी करनी कर चलो
तुम हँसो जग रोए

तुम आए संसार में
जग हँसे तुम रोए
ऐसी करनी कर चलो
तुम हँसो जग रोए

https://bhaktivandana.com/lyrics/tum-aaye-sansar-me-by-anil-sharma-meena-rana/